दिनांक: 10.09.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- देश में साइबर अपराधों से निपटने के लिये अगले पांच वर्षों में पांच हजार साइबर कमांडों प्रशिक्षित किये जायेंगे।
- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये समाज की मानसिकता में बदलाव पर जोर दिया।
- चिकित्सा विभाग ने माताओं और बच्चों की स्वास्थ्य सेवाओं की और मजबूती के लिये अन्तर्राष्ट्रीय संस्था के साथ समझौता किया।
- प्रदेश में आज भी कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश–अगले चार पांच दिन मॉनसून सक्रिय रहने और पूर्वी जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश के आसार।

000

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि साइबर अपराधों से निपटने के लिए अगले पांच वर्षों में पांच हजार साइबर कमांडो को प्रशिक्षित करने की योजना है। श्री शाह ने नई दिल्ली में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र के पहले स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति साइबर सुरक्षा के बगैर संभव नहीं है। श्री शाह ने सभी हितधारकों से इस खतरे से निपटने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया। श्री शाह ने कहा कि देश में डिजिटल लेनदेन दिनों दिन बढ रहे हैं। इस कारण साइबर सुरक्षा से जुडे लोगों की जिम्मेदारियां बढ गई हैं। गृहमंत्री ने कहा कि हाल ही में प्रभावी तीन आपराधिक कानून देश में साइबर अपराध से संबंधित चुनौतियों से निपटने के लिए पर्याप्त प्रावधान रखते हैं। उन्होंने बताया कि साइबर सुरक्षा पर राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान का शुरू किया जायेगा। उन्होंने सभी राज्य सरकारों से इस अभियान में शामिल होने का आग्रह किया।

000

राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जयपुर में आज सामुदायिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि महिलाओं को सख्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए समाज को अपनी मानसिकता बदलनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि कई महिलाएं जॉब करना चाहती हैं कुछ उच्च शिक्षा लेना चाहती हैं, इन सबमे परिवार से सहयोग की बड़ी भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि समाज की सोच और अवधारणा को बदले बिना महिला शक्तिकरण संभव नही है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजना का सबसे बड़ा लाभ माता,बहनों को मिल रहा है. कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में सुश्री दिया कुमारी ने कहा कि बालिकाओं ओर महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। पोषण अभियान के तहत सवाईमाधोपुर जिले में आज आंगनबाडी

केन्द्रों पर पूरक पोषाहार थीम के तहत गोद भराई का कार्यक्रम हुआ। इसके साथ ही स्तनपान के बारे में जागरूकता के लिये भी कार्यक्रम रखा गया जिसमें महिलाओं को समय पर स्तनपान शुरू करने, 6 महीने तक केवल स्तनपान ही करवाने तथा दो साल तक बच्चों को मां का दूध देने के महत्व के बारे में समझाया गया। जैसलमेर में आज केन्द्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय जोधपुर की ओर से पोषण संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

000

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि शिक्षा जीवन के हर क्षेत्र के लिए उपयोगी है। श्री दिलावर आज जयपुर में राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के संदर्भ केन्द्रों के संस्था प्रधानों की अभिमुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि औपचारिक शिक्षा से वंचित नागरिकों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडने के हर संभव प्रयास किये जाए। शिक्षामंत्री ने राज्य का अपना पाठ्यक्रम तैयार करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान श्री दिलावर ने स्टेट ओपन स्कूल की दसवीं और बारहवीं की इस साल आयोजित परीक्षा का परिणाम ऑनलाइन जारी किया। उन्होंने 12वीं में पहला स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा प्रियंका पंवार को मोबाईल पर बधाई भी दी। राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल निदेशक आशीष मोदी ने बताया कि स्टेट ओपन की पाठ्य सामग्री ऑनलाइन मुफ्त उपलब्ध है। उन्हांने कहा कि स्कूल में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता या अधिकतम आयु सीमा की बाध्यता नहीं है। साल में दो बार ये परीक्षा होती है। इसमें महिलाओं और बालिकाओं का प्रवेश मुफ्त है।

000

जयपुर में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चल रही विभिन्न परियोजनाओं का आज 36 देशों के प्रशासकीय अधिकारियों ने अवलोकन किया। इस दौरान जयपुर स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक सुराणा ने सभी अधिकारियों का स्वागत किया और स्मार्ट सिटी मिशन के तहत किये जा रहे विभिन्न कार्यों और उनकी विशेषताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान श्री सुराणा ने सभी विदेशी अधिकारियों को अभय कमाण्ड सेंटर का भी भ्रमण कराया और सेंटर की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी साझा की। श्री सुराणा ने बताया कि भारतीय लोक प्रशासन संस्थान की ओर से गोवा में चार सितम्बर से 17 सितम्बर तक चल रहे भारतीय तकनीकि और आर्थिक कॉआपरेशन के तहत 36 देशों के प्रशासकीय अधिकारियों ने शहर में स्मार्ट सिटी के तहत हो रहे विकास कार्यों के बोर में जाना। इस दौरान अधिकारियों ने विधानसभा स्थित म्यूजियम का भी दौरा किया।

000

................

प्रदेश में माताओं और बच्चों की स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने के उद्देश्य से चिकित्सा विभाग ने चिल्ड्रन्स इन्वेस्टमेंट फण्ड फाउंडेशन (सीआईएफएफ) के साथ समझौता किया है। इस अवसर पर विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कहा कि एमओयू से प्रदेश में मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने में तकनीकी सहयोग मिलेगा। साथ ही राज्य के परिवार नियोजन कार्यक्रम को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि सीआईएफएफ के माध्यम से एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं के लिए बेहतर उपचार विकल्प तैयार किए जाएंगे। श्रीमती राठौड़ ने बताया कि इस पांच—वर्षीय एमओयू के तहत महिलाओं और बच्चों के जीवन स्तर में सुधार पर फोकस किया जाएगा।

000

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक डॉ. भारती दीक्षित ने कहा है कि मानसिक रोगों के कारणों की पहचान, यथासंभव रोकथाम और सही उपचार के माध्यम से आत्महत्या और इसके कारकों में कमी लाई जा सकती है। डॉ. दीक्षित आज विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर आयोजित वीडियो कांफ्रेंस को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने आत्महत्या मुक्त राजस्थान की शपथ दिलाई और आमजन में जागरुकता के लिए तैयार किए गए पोस्टर और लघु फिल्म का विमोचन भी किया। निदेशक —जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि इस वर्ष विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की थीम ''चेंज द नरेटिव ऑन सुसाइड, स्टार्ट द कन्वर्सेशन'' निर्धारित की गई है। जिलों में इस थीम पर विभिन्न जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

मनोचिकित्सा के प्रोफेसर डॉ. विनोद दडिया ने आत्महत्या रोकथाम के लिए कोचिंग हब कोटा में अपनाए जाने वाली बेस्ट प्रेक्टिसेज और लर्निंग्स पर जानकारी दी। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। सवाईमाधोपुर में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में स्लोगन और बैनर के माध्यम से आत्महत्या से बचाव और ऐसी मनःस्थिति वाले लोगों के उपचार के बारे में आमजन को जागरूक किया गया। इस दौरान निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। दौसा में भी इस मौके पर जागरूकता रैली निकाली गई। सीकर में इस अवसर पर श्री कल्याण अस्पताल में नर्सिंग छात्र छात्राओं को इसके बारे में जागरूकता किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने जनजागरूकता रैली निकाली। वहीं संस्थाओं में आत्महत्या मुक्त राजस्थान की शपथ भी दिलवाई। करौली में जिला मानसिक स्वास्थ्य ईकाई द्वारा आत्महत्या रोकथाम की जागरूकता के लिये एएनएम ट्रेनिंग सेंटर से रैली निकाली गई।

000

किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी ने कहा है कि इस बार फसलों में बरसात से काफी खराबा हुआ है। जिसकी जल्द गिरदावरी करवाई जाएगी। आज भीलवाड़ा में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरी तरह से किसानों के साथ है। श्री चौधरी ने कहा कि प्रदेश में कुछ जगह अतिवृष्टि हो रही है जिससे फसल गल गई है और खराब हो गई है। इसको लेकर सरकार ने एक सितम्बर से गिरदावरी का आदेश दिया है।

उन्होंने कहा कि इसके साथ ही सरकार अर्ली क्रॉप कटिंग को लेकर भी जल्द से जल्द सर्वे करवायेगी, जिससे किसानों को राहत मिल सके।

000

प्रदेश में आज भी कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वहीं कुछ स्थानों पर मूसलाधार बारिश हुई। पाली में अच्छी बरसात हुई।सवाई माधोपुर में भी सुबह खिली धूप के बाद दोपहर में रिमझिम बरसात हुई। चूरू में लगातर दो घंटे हुई बारिश से शहर के अनेक स्थानों पर पानी भर गया। सिरोही जिले में रुक–रुक कर बारिश का दौर जारी रहा। पिछले 24 घंटे के दौरान सिरोही जिला मुख्यालय सहित माउंट आबू में 3 इंच बारिश और रेवदर में 2 इंच बारिश दर्ज की गई। बांसवाड़ा के माही बाजाज सागर बांध के 8 गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। मध्य प्रदेश में लगातार बारिश होने से बांध में पानी की आवक जारी है। हनुमानगढ़ जिले में कहीं हल्के तो कहीं तेज बरसात का दौर रहा नीमकाथाना में आज दोपहर करीब 1 घंटे लगातार झमाझम  बारिश हुई। चितौड़गढ़ में आज सुबह हल्की बौछारें गिरी और दोपहर में धूप निकल आई। टोंक जिले मे आज  बारिश का दौर धीमा रहा। जिले के बीसलपुर बांध के 6 गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है । मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले चार पांच दिन मानसून के सक्रिय रहने तथा पूर्वी जिलों में कहीं कहीं भारी बारिश की संभावना जताई है।

000

राज्य सरकार ने सीएनजी– पीएनजी आधारभूत संरचना के विस्तार के लिए कवायद शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री के विशेष शासन सचिव संदेश नायक ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एक बैठक में बताया कि राज्य सरकार का प्रदेश में सीएनजी–पीएनजी सेवाओं के विस्तार पर खास ध्यान है। राज्य सरकार द्वारा सीजीडी पॉलिसी भी तैयार की जा रही है ताकि प्रदेश में सीएनजी–पीएनजी सुविधाओं का बिना किसी अवरोध के तेजी से विस्तार हो सके। अतिरिक्त निदेशक, पेट्रोलियम अजय शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार ने परिवर्तित बजट घोषणा में प्रदेश में एक लाख सीएनजी कनेक्शन जारी करने और 2 हजार किमी पाईप लाईन बिछाने की घोषणा की है।

000

बाड़मेर में जसनाथी सम्प्रदाय की मुख्य पीठ लीलसर धाम में आज भादवा मेला भरा। मेले में बड़ी संख्या में आस–पास के गाँवों के श्रद्धालु शामिल हुए। इससे पहले कल आयोजित रात्रि जागरण में जसनाथी सिद्धों के द्वारा अग्नि नृत्य की हैरतअंगेज प्रस्तुति दी गई। इस प्रस्तुति में धधकते अंगारों पर नंगे पैर नृत्य किया जाता है।

000

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे सोना तस्करी नेटवर्क में शामिल मुनियाद अली खान को आज संयुक्त अरब अमीरात से भारत लाया गया। जयपुर एयरपोर्ट से एनआईए की एक टीम ने उसे अपनी हिरासत में ले लिया। गौरतलब है कि 2020 में जयपुर अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तस्करी से लाई गई गोल्ड बार्स की

जब्ती के मामले में मुनियाद अली को मुख्य षडयंत्रकारी मनाया गया था। एनआईए के अनुरोध पर सीबीआई ने इस व्यक्ति के विरूद्ध इंटरपोल से रैड नोटिस जारी करवाया था।

000